पत्र सूचना शाखा,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

कच्चे धागों से राजभवन में बने नये रिश्ते

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष सहित बच्चों को बांधी राखी

लखनऊः 15 अगस्त, 2019

राजभवन में आज ध्वजारोहण के बाद रक्षाबंधन का पर्व पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजभवन में राखी बांधी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य व डा0 दिनेश शर्मा एवं विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित के घर जाकर रक्षा सूत्र बांधे।

राजभवन में राज्यपाल ने श्री सत्य सांई बाबा पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय, केयर एजुकेशनल ट्रस्ट, दिव्यांग बच्चों सहित राजभवन के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों के बच्चों को भी राखी बांधी और अपनी शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में राज्यपाल ने राजभवन में प्रवास करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के बच्चों को भेजकर सेना के जवानों व जेल बंदियों को भी राखी बंधवाई। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि एक संस्कार है जो जीवन में रिश्तों के महत्व को समझाता है।

अंजुम/ललित/राजभवन (22/15)